प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

27 सितम्बर , 2020 गोरखपुर ।

रक्तदान शिविर का आयोजन।

लायन्स क्लब गोरखपुर राप्ती-321ई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक,गोरखनाथ चिकित्सालय में किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने विडीयो कॉन्फ्रेंस के द्वारा रक्तदाताओ को संबोधित करते हुए बताया की आपकी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन के लिए गोरखनाथ ब्लड बैंक का चुनाव हमारे लिए गर्व की बात है।आप सभी रक्तदाता अनुकरणीय एवं वंदनीय है युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए आह्वाहन किया।बताया की कोई भी स्वस्थ्य ब्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65, हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से ऊपर रक्तदान कर सकता है।

डॉ अग्रवाल ने बताया की आज सामाजिक कुरीतियो को ख़त्म करने वाले राजा राम मोहन राय के पुण्य तिथि पर मै आह्वाहन करना चाहता हु सभी नौजवानो से की रक्तदान से जड़ी भ्रांतियों को मन से निकल कर रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। इसी के साथ संस्था के अध्यक्ष -श्री संजीव गुप्ता, सचिव- श्री बी.एम. त्रिपाठी ,मनीष जयसवाल,जय प्रकाश,अनूप कुमार,रमन सचदेव, इत्यादि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,कॉफ़ी मग आदि दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक, नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।